सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 03 जनवरी, 2025

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में सेतु आयोग के उपाध्यक्ष श्री राज शेखर जोशी ने शिष्टाचार भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्री जोशी ने राज्यपाल को सेतु आयोग के द्वारा वर्तमान में किए जा रहे क्रियाकलापों की जानकारी दी। उन्होंने राज्य के विकास के लिए सेतु आयोग की प्राथमिकताओं, नवीन योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति से राज्यपाल को अवगत कराया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के समग्र विकास के लिए सेतु आयोग की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आयोग को विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्रों की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार करने पर जोर देना चाहिए। राज्यपाल ने श्री जोशी को राज्य की जरूरतों के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुझाव दिए।

इस अवसर पर दोनों के मध्य पारदर्शी एवं सुशासन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर चर्चा हुई जिस पर राज्यपाल ने कहा कि तकनीक की इस सदी में एआई के प्रभाव से विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से विभिन्न जटिलताओं को दूर करते हुए जनता के लिए पारदर्शी व्यवस्था का निर्माण करना हम सभी का कर्तव्य है। राज्यपाल ने श्री जोशी को आयोग की आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

............0............